दिनांक : 16.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रूपये की बढ़ौतरी की, केन्द्रीय कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डीए की भी घोषणा।
- भोपाल में कल से माइनिंग कॉन्क्लेव की होगी शुरूआत, खनन क्षेत्र में निवेश को मिलेगा बढ़ावा।
- बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तैयारियां शुरू।
- शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन जारी।

**मंत्रिमंडल बैठक**

**केंद्र सरकार ने आज वर्ष 2025-26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो सौ दस रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का एक सौ 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने का निर्णय लिया गया।**

**सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढोतरी की गई है। वहीं मसूर दाल में दो सौ 75 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।**

**बाईट- अश्विनी वैष्णव**

**केबिनेट की बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते-डीए और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत-डीआर में तीन प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसका लाभ 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 64 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा। इससे सालाना नौ हजार 448 करोड़ रूपये का सरकारी खर्च होगा।**

**एक अन्य फैसेल में सरकार ने उत्तर प्रदेश में गंगा नदी पर रेल और सड़क पुल सहित वाराणसी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय मल्टी ट्रेकिंग परियोजना को भी मंजूरी दी है।**

## सेमिनार सड़क

सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में 19 और 20 अक्टूबर को किया जा रहा है। इसमें सड़क और पुल निर्माण की नवीनतम तकनीकों, सामग्रियों और अनुबंध निष्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सड़क कांग्रेस (IRC) और मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग (PWD) के सहयोग से होगा। सेमिनार के पहले दिन उद्घाटन-सत्र में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपस्थित रहेंगे।

## मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव

खनन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर राज्य की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कल से दो दिवसीय मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024" आयोजन किया जा रहा है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर आयोजित कॉन्क्लेव में मुख्य सचिव अनुराग जैन संबोधन देंगे और मध्यप्रदेश के खनिज संसाधन पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रारंभिक सत्र में खनिज संसाधन, निवेश के अवसरों, पेट्रोलियम और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद तकनीकी-सत्रों में खनन सुरक्षा, स्मार्ट तकनीक, डिजिटलाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) के उपयोग पर चर्चाएं होंगी। ड्रोन तकनीक और खदानों के डिजिटल समाधान पर भी विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। रणनीतिक-सत्रों में कोयला, ऊर्जा, चूना पत्थर, सीमेंट उद्योग, मिनरल-बेनेफ़िकेशन और एम-सैंड जैसे विषयों पर विचार-विमर्श होगा। साथ ही बायर-सेलर मीट से खनिज क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप

केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी " प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना" अंतर्गत राज्य के युवाओं को देश की टॉप-500 प्राईवेट कंपनियों में इन्टर्नशिप का मौका दिया जाएगा। इसके

तहत 21 से 24 साल के युवाओं को इन्टर्नशिप के माध्यम से रोजगार के काबिल बनाया जाएगा। इस योजना में इन्टर्नशिप के दौरान प्रतिमाह 5,000 रूपये स्टाईपेन्ड भी दिया जाएगा। मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ने पीएम इन्टर्नशिप के लिए pminternship.mca.gov.in/ पर 25 अक्टूबर 2024 तक रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु एक पोर्टल शुरू किया है। प्रदेश के युवा प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना" में अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

**निर्वाचन आयोग**

प्रदेश की सीहोर जिले की बुदनी और श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरु कर दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सुखवीर सिंह ने बताया उपचुनाव की घोषणा के साथ ही दोनों जिलों में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। उन्होंने आज दोनो विधानसभा में उप निर्वाचन के संबंध में जानकारी देने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके साथ ही एक अन्य बैठक में उन्होंने उप निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में श्योपुर एवं सीहोर के जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। दोनों सीट पर 13 नवबंर को मतदान होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। इस बीच श्योपुर में शासकीय पॉलीटेनिक कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम का चंबल–ग्वालियर आयुक्त ने अवलोकन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**शरद पूर्णिमा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शरद पूर्णिमा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा है कि प्रकृति व परमात्मा से एकात्म स्थापित करने की अथाह प्रेरणा देते अमृत पर्व शरद पूर्णिमा पर यही कामना है कि सभी के आंगन में शांति, समृद्धि और आनंद की अमृत वर्षा निरंतर होती रहे। प्रदेश में इस अवसर पर आज देर रात तक विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

नर्मदापुरम जिले में आज सेठानी घाट पर मां नर्मदा की महाआरती की जा रही है। मंदिरों सहित जगह-जगह देर रात बाद सुबह तक खीर प्रसाद का वितरण होगा। आगरमालवा जिले के विभिन्न मंदिर में विशेष श्रृंगार कर रात्री बारह बजे भगवान की आरती की जाएगी और चन्द्रमा की धवल चांदनी में बनाई गई विशेष खीर का वितरण किया जायेगा। भोपाल में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पन्ना के भगवान जुगल किशोर मंदिर में हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

राज्यपाल दीक्षांत

सतना जिले के महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह आज परम्परागत गरिमा, उल्हास और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष,राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने 26 छात्रों को शोध उपाधि, 32 को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पदक और एक विद्यार्थी को नानाजी मेडल प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि और उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार थे। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर भरत मिश्रा सहित कई छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कार्यक्रम अंतर्गत एफ.एम.डी टीकाकरण के चार चरण पूर्ण हो गए हैं। चतुर्थ चरण में प्रदेश में 2 करोड़ 40 लाख 47 हजार गौ एवं भैंस वंशी पशुओं का टीकाकरण कर भारत पशुधन एप पर दर्ज किया गया है। यह संपूर्ण देश में सर्वाधिक है। इस योजना में एफ.एम.डी एवं ब्रूसेल्ला का टीकाकरण समस्त पात्र गौ, भैंस वंशीय पशुओं मैं किया जाता है। यह कार्यक्रम केन्द्र सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार के अनुदान पर आधारित योजना है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **देवास जिला सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत एआरटी केन्द्र देवास में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एड्स पीडित व्यक्तियों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**
- **शिवपुरी जिले में टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 115 ग्राम पंचायत में टीवी रोग से मुक्त हो गई हैं।**
- **अशोकनगर ज़िले में प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना अंतर्गत 21 से 24 साल के युवा प्राईवेट कंपनियों में इन्टर्नशिप के लिए 25 अक्टूबर तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते है**
- **रतलाम जिला शासकीय आईटीआई में आयोजित हुए जिला स्तरीय रोजगार मेले में 13 कंपनियों में कुल 67 प्रतिभागियों का चयन किया गया।**

....................